Title : Regarding need to check pollution caused by effluents of Riga Sugar Mill and distillery factory in Sitamarhi district, Bihar.

(xv) Need to check pollution caused by effluents of Riga Sugar Mill

and distillery factory in Sitamarhi district, Bihar

श्री सीताराम सिंह (शिवहर) : अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के अंतर्गत सीतामढ़ी जिले में रीगा चीनी मिल एवं डिस्टलरी फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी को नदी में बहाया जा रहा है, जिससे जल प्रदूषण के कारण इलाके की हजारों आबादी के लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो गए हैं। अधिकतर पशुओं की मृत्यु हो चुकी है। जबकि चीनी मिल मालिकों को चीनी मिल से निकलने वाले गंदे पानी के बहाव की अपनी व्यवस्था करनी चाहिए। ये नियम और कानून के खिलाफ है।

अतएव केन्द्र सरकार से मांग है कि जनहित में यथाशीघ्र उक्त चीनी मिल से निकलने वाले गंदे पानी एवं डिस्टलरी फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी के बहाव को रोका जाए ताकि उक्त क्षेत्र को प्रदूषण से बचाया जा सके।